**कृषि बैंकिंग महाविद्यालय (सीएबी)**
**भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई)**
**शिष्टाचार, सुरक्षा एवं संभारतंत्र विभाग (पीएसएलडी), पुणे**
**(www.rbi.org.in)**

## किराये पर कार की सेवाएँ प्रदान करने वाली पुणे स्थित कार परिचालक एजेंसियों को सूचीबद्ध किये जाने के लिए निविदा

कृषि बैंकिंग महाविद्यालय (सीएबी), भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई), पुणे किराए पर कार सेवा देने वालो एजेंसियों / कंपनियों से, जो पुणे में वाहनों का परिचालन करते हैं, कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, भारतीय रिज़र्व बैंक, पुणे में जैसे और जब अपेक्षित हो आधार पर वाहन देने के लिए सूचीबद्ध किये जाने हेतु आवेदन आमंत्रित करता है । इच्छुक पार्टियाँ, जो निविदा के खंड-।। के अनुसार पात्रता मानदंड पूरा करती हों, और खंड-। में दिये गये कार्य के विषय-क्षेत्र से तथा सूचना के खंड-।।। में दिये गये सामान्य दिशा-निर्देशों से सहमत हों, वे हमारे वेबसाइट (www.rbi.org.in) के "**निविदा**" खंड से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर आवेदन कर सकती हैं । आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2021 के 3.00 बजे अपराह्न तक है ।

*निविदा प्रपत्र आबंटन और कार बुकिंग अनुभाग, शिष्टाचार, सुरक्षा एवं संभारतंत्र विभाग (पीएसएलडी), कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, पुणे – 411016 से सभी कार्य-दिवसों (सोमवार से शुक्रवार) को 10.00 बजे पूर्वाह्न से 5.00 बजे अपराह्न तक 31 मार्च 2021 से 29 अप्रैल 2021 तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र निविदा प्रपत्र बैंक की वेबसाइट **https://www.rbi.org.in** से भी डाउनलोड किया जा सकता है ।*

प्रधानाचार्य
कृषि बैंकिंग महाविद्यालय,
भारतीय रिज़र्व बैंक,
युनिवर्सिटी रोड,
पुणे – 411016

## दावात्याग

कृषि बैंकिंग महाविद्यालय (सीएबी). शिष्टाचार, सुरक्षा एवं संभारतंत्र विभाग (पीएसएलडी), भारतीय रिज़र्व बैंक, पुणे (बैंक) ने इस निविदा दस्तावेज को तैयार किया है । यह सूचना भावी बोलीकर्ताओं के लिए दी जा रही है, ताकि वे कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, पुणे को जैसे और जब अपेक्षित हो आधार पर वाहन देने के लिए पुणे की कार हायरिंग एजेंसियों/कंपनियों को सूचीबद्ध किये जाने हेतु बोली लगा सकें । यह निविदा इस निविदा में वर्णित शर्तों और ऐसी सूचना से संबंधित किन्हीं अन्य शर्तों के अनुसार जारी की गयी है ।

यह निविदा न तो किसी पार्टी के साथ कोई करारनामा है, न ही यह किसी पार्टी को किसी प्रकार का कार्य करने के लिए आमंत्रण है ।

इस निविदा का प्रयोजन बैंक की जरूरतों को सभी इच्छुक पार्टियों को बताना है, ताकि वे अपनी बोली प्रस्तुत कर सकें । जबकि बैंक ने इसमें अंतर्विष्ट सूचना को तैयार करने में सम्यक् सावधानी बरती है, बैक यह दावा नहीं करता है कि यह सूचना परिपूर्ण है। इस निविदा के प्रत्यर्थियों को स्वयं पूछ-ताछ करनी है और उन्हें केवल आमंत्रण दस्तावेज में दी गयी सूचना पर निर्भर नहीं रहना चाहिए । बैंक इस बात के लिए जवाबदेह नहीं होगा, यदि प्रत्यर्थियों द्वारा इस संबंध में सम्यक् तत्परता नहीं बरती जाती है ।

बैंक को अधिकार है कि वह इस निविदा के साथ आगे नहीं बढ़े, इस दस्तावेज में दी गयी समय-सारणी को बदल दे या लागू की जाने वाली प्रक्रिया या क्रियाविधि को बदल दे । इसे यह भी अधिकार है कि यह किसी प्रत्यर्थी के साथ आगे निविदा पर चर्चा नहीं करे ।

बोली प्रस्तुत करने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं को किसी भी प्रकार से किसी खर्च की प्रतिपूर्ति नहीं की जायेगी ।

अँग्रेजी और हिन्दी में निर्गत सूचना में कोई विसंगति होने की स्थिति में अंग्रेजी पाठ में उल्लिखित विवरण अभिभावी होंगे ।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ**

| **क्रम सं.** | **वर्णन** | **तिथि** | **समय** |
|---|---|---|---|
| 01 | दस्तावेज जारी करने की प्रारंभ तिथि | 31 मार्च 2021 | 10.00 बजे पूर्वाह्न |
| 02 | बोली – पूर्व बैठक | 07 अप्रैल 2021 | 11.00 बजे पूर्वाह्न |
| 03 | दस्तावेज और मुहरबंद कोटेशन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 30 अप्रैल 2021 | 03.00 बजे अपराह्न |
| 04 | आवेदन खोले जाने की तिथि | 30 अप्रैल 2021 | 04.00 बजे अपराह्न |
| 05 | वाणिज्यिक बोली खोले जाने की तिथि : पात्र पाई गई संस्थाओं को सूचना दी जाएगी | उन एजेंसियों को सूचित किया जाएगा जो योग्य पाए गए हैं। | |

**कृषि बैंकिंग महाविद्यालय**
**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**शिष्टाचार, सुरक्षा एवं संभारतंत्र विभाग (पीएसएलडी)**
**पुणे**

**<u>पुणे स्थित कार हायरिंग एजेंसियों / कंपनियों से कार हायरिंग सेवा देने के लिए सूचीबद्धता हेतु आवेदन आमंत्रित करने हेतु निविदा</u>**

कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, भारतीय रिज़र्व बैंक, पुणे अपनी आवश्यकता के आधार पर कार किराये पर देने वाली एजेंसियों / कंपनियों की सूची बनाना चाहता है । यह सूची सूचीबद्धता की तिथि से ले कर 31 मार्च 2022 तक की अवधि के लिए होगी, जो सेवाप्रदाताओं को कार्यसंपादन की बैंक द्वारा समीक्षा किये जाने के अधीन होगी । किराये पर कार देने वाली/टैक्सी परिचालक एजेंसियों से, जो सूचीबद्धता के लिए खंड-।। में दिये गये पात्रता मानदंडों को पूरा करती हों, सूचीबद्धता की तिथि से ले कर 31 मार्च 2022 तक की अवधि के लिए, जो सेवाप्रदाताओं के कार्यसंपादन की बैंक द्वारा समीक्षा किये जाने के अधीन होगा, मुहरबंद निविदाएँ दो भाग में बोली प्रणाली (तकनीकी और वित्तीय बोली) के अंतर्गत आमंत्रित की जाती हैं ।

**विषयवस्तु**

दावात्याग....................................................................................................2

महत्वपूर्ण तिथियाँ ....................................................................................................3

भाग I....................................................................................................6

खंड – I कार्य का विशेष क्षेत्र ....................................................................................................6

खंड – II पात्रता मानदंड ....................................................................................................7

खंड III- अन्य शर्तें और दिशानिर्देश ....................................................................................................8

अनुबंध : ए ....................................................................................................18

अनुबंध : बी ....................................................................................................21

अनुबंध : सी ....................................................................................................22

अनुबंध : डी ....................................................................................................23

अनुबंध : ई ....................................................................................................24

अनुबंध : एफ ....................................................................................................25

अनुबंध : जी....................................................................................................28

अनुबंध : एच ....................................................................................................29

अनुबंध :आई ....................................................................................................30

भाग – II (मूल्य बोली मात्र)....................................................................................................32

**खंड - ।**

**कार्य का विषय-क्षेत्र**

कार्य के व्यापक विषय-क्षेत्र में निम्नलिखित शामिल होंगे :

i. विभिन्न प्रकार की क्षमता वाले वाहन(नों) (एसी/नॉन एसी), यथा, कार/एसयुवी/वैन आदि देना, जैसे और जब बैंक/बैंक द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा माँग की जाये । **वर्ष भर में बैंक द्वारा अपेक्षित वाहनों की अनुमानित संख्या अनुबंध-जी में दी गयी है ।** बैंक को वाहनों की जरूरत स्थानीय़ और पुणे से बाहर की यात्रा में उपयोग के लिए होगी । स्थानीय उपयोग मुख्य रूप से एयरपोर्ट/ रेलवे स्टेशन से आगंतुकों को लाने और सीएबी, पुणे में छोड़ने के लिए तथा स्थानीय संस्थाओं में निरीक्षण के लिए होगा । बाहर की यात्रा सामान्यतः महाराष्ट्र राज्य के भीतर अन्य स्थानों के लिए होगी ।

ii. ठेकेदार को विभिन्न प्रकार के वाहनों की व्यवस्था करने में समर्थ होना चाहिए, यथा मारुति डिजायर / टोयोटा ईटिओज, होंडा सिटी, हुँदै वरना, मारुति सियाज़, टोयोटा इनोवा क्रिसता, टोयोटा कोरोला आल्टीज, बी एम डब्ल्यू, ऑडी जिनके लिए वैध टैक्सी परमिट (स्थानीय और अखिल भारतीय) हो और अन्य सभी प्रकार का सांविधिक अनापत्ति प्रमाणपत्र हो । ड्राइवर जब अतिथियों को लाने जायें, तब उन्हें अतिथियों के नाम वाला प्लैकार्ड ले जाना होगा । एजेंसी को इसकी व्यवस्था करनी चाहिए ।

iii. माँग किये जाने पर एजेंसी द्वारा भेजे गये वाहन(नों) में (i) **एक समाचारपत्र, (ii) 500 मि.ली. की दो बोतल ब्रांडेड मिनरल वाटर, यथा, बिसलेरी, एक्काफिना, किंगफिशर, किनले, हिमालय़ा, आदि, (iii) फर्स्ट-एड-बॉक्स (iv) छाता, (v) अग्निशामक और (vi) युनिवर्सल मोबाइल चार्जर होने चाहिए । उक्त सुविधाओं के लिए अलग से कोई भुगतान नहीं किया जायेगा और इनका खर्च एजेंसिय़ों द्वारा उद्धृत प्रभारों में शामिल किया जाना चाहिए । यदि अपेक्षित वस्तुओं की अनुपलब्धता के बारे में शिकायत की जायेगी, तो बिल के 25% तक की राशि का दंड लगाया जायेगा । प्रासंगिक बिल में से राशि की कटौती की जायेगी ।**

**खंड - ।।**

**पात्रता मानदंड**

किराये पर कार देने वाली प्रतिष्ठित एजेंसियों/कंपनियों/टैक्सी परिचालकों से, जो पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों, सूचीबद्धता की तिथि से 31 मार्च 2022 तक की अवधि के लिए सूचीबद्ध किये जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं, जो सूचीबद्ध एजेंसियों के कार्यसंपादन की बैंक द्वारा वार्षिक समीक्षा किये जाने के अधीन होगा ।

**पात्रता मानदंड**

i. अनुभव: 31 मार्च 2020 को परिवहन सेवा प्रदान करने के क्षेत्र में कम से कम (05) पाँच वर्षों का अनुभव । अनुबंध बी के अनुसार न्यूनतम 2 ग्राहकों से प्रमाणपत्र और उनके कार्य आदेश संलग्न किए जाएँ।

ii. कुल कारोबार: वार्षिक कुल कारोबार पिछले तीन वित्तीय वर्षों, अर्थात्, वर्ष 2017-18, 2018-19, और 2019-20 के दौरान प्रत्येक वर्ष कम से कम रु.19 लाख हो । एजेंसी / फार्म / कंपनी द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षों का सीए प्रमाणित विवरण / लेखापरीक्षित तुलनपत्र / लाभ हानी लेखा / आय कर विवरणी प्रस्तुत की जानी चाहिए।

iii. अनुबंध ई के अनुसार किसी अनुसूचित बैंक से **अनुबंध – ई** के अनुसार रु.19 लाख के लिए शोधक्षमता प्रमाणपत्र ।

iv. पिछले तीन वर्षों, अर्थात्, वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19, और 2019-20 के दौरान कम से कम एक सरकारी/अर्ध सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम/बैंक/एमएनसी, आदि में किराये पर कार देने की सेवा प्रदान की हो/करती रही हो ।

v. आवेदन करने वाली फर्म/कंपनी के पास अपनी कम से कम 10 (दस) कारें हों. जिनमें निम्नलिखित कारें, यथा मारुति डिजायर, टोयोटा इटिओस,होंडा सिटी, हुँदै वरना , मारुति सियाज़ , टोयोटा इनोवा, टोयोटा कोरोला ऑल्टिस (वाहनों/टैक्सियों की सूची, जो वर्ष 2017 से पहले की न हों), के साथ उनके आरसी/उपयुक्तता प्रमाणपत्र और परमिट, जो एजेंसी के पास हो, उनकी फोटोकॉपी **अनुबंध : सी** में दिये गये फार्मैट के अनुसार प्रस्तुत किया जाना चाहिए ।

vi. आवेदन करने वाली फर्मों/कंपनियों के पास सभी प्रकार के प्रयोज्य कर पंजीकरण हों (पैन, जीएसटी, आदि) (दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न करें) ।

vii. आवेदन करने वाली एजेंसी का पुणे में अपना कार्यालय हो (दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न करें) ।

viii. एजेंसी का दुकान और स्थापना (जागर विनियमन और सेवा शर्तें ) अधिनियम के तहत वैध पंजीयन होना चाहिए

ix. **सभी बोलीकर्ता अनुबंध – एच** के अनुसार एन ई एफ टी के माध्यम से विप्रेषणीय रुपये 50,000 /- के ई एम डी जमा करेंगे (ब्योरा अनुबंध एच में दिया गया है)।

**खंड - ।।।**

**अन्य शर्तें एवं दिशा-निर्देश**

1. एजेंसी यह सुनिश्चित करेगी कि उसके द्वारा दी गयी कारें मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अंतर्गत पंजीकृत हैं, उनके लिए वैध बीमा और प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र हैं।

2. सभी वाहनों को अच्छी हालत में समुचित साज-सज्जा, आदि के साथ होना चाहिए।

3. एजेंसी द्वारा प्रदान किए जा रहे सभी वाहनों में एक वैध और पर्याप्त बीमा कवर होगा और आवधिक जाँच और बीमा (दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न करें) के माध्यम से प्रदूषण नियंत्रण मानदंडों का पालन करेगा। वाहनों के लिए परिवहन श्रेणी और टैक्सी परमिट (संलग्न दस्तावेजी साक्ष्य) के तहत वैध पंजीकरण प्रमाणपत्र होना चाहिए।

4. तैनात किये गये ड्राइवर के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस हो, जिसे वह ट्रैफिक पुलिस द्वारा माँगे जाने पर दिखायेगा। समय-समय पर उसके ड्राइविंग लाइसेंस का नवीकरण कराये जाने की जिम्मेवारी एजेंसी की होगी।

5. तैनात किये गये ड्राइवर उत्तम नैतिक चरित्र वाले हों और वे अंग्रेजी और हिन्दी में बातचीत कर सकते हों। मार्ग में, यदि आवश्यक हो, वे कार की छेटी-मोटी मरम्मत कर सकते हों।

6. ड्राइवर को माँग किये गये वाहन के साथ निर्धारित स्थान और समय पर साफ-सुथरी वर्दी में ड्यूटी के लिए रिपोर्ट करना चाहिए।

7. ड्राइवर को दैनिक आधार पर की गयी यात्रा की दूरी (mileage) का उचित रिकार्ड एक लॉग बुक/पर्ची में रखना चाहिए और उसे कार के प्राधिकृत उपयोगकर्ता से अधिप्रमाणित करा लेना चाहिए। ड्राइवर को ड्यूटी स्लिप रखना चाहिए, जिसमें तय की गयी दूरी का पूरा ब्यौरा, अर्थात्, कितने किलोमीटर की यात्रा की गयी/रिपोर्ट करने और कार्यमुक्त होने का समय दर्शाया गया हो और उसे वाहन का उपयोग करने वाले अधिकारी से अधिप्रमाणित करा लेना चाहिए। वाहन का मेक और पंजीकरण संख्या, जो प्राधिकृत उपयोगकर्ता को दी गयी हो, उसे ड्यूटी स्लिप में उल्लिखित होना चाहिए। इस ड्यूटी स्लिप के आधार पर पर ठेकेदार ने बैंक के पास बिल प्रस्तुत करने चाहिए।

8. ड्राइवर को सब समय विनम्र, शिष्ट एवं सेवा-उन्मुख होना चाहिए। माँग किये जाने पर उसे अपना मोबाइल नंबर अतिथि को बताना चाहिए।

9. प्रत्येक वाहन से संबंधित सभी कागजात, यथा, बीमा, पंजीकरण, रोड टैक्स, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र, परमिट, वैध लाइसेंस, आदि प्रत्येक वाहन में ड्राइवर के पास हरदम उपलब्ध होना चाहिए।

10. बैंक को दिये गये किसी वाहन में ब्रेकडाउन हो जाने की स्थिति में 01 (एक) घंटे के भीतर एजेंसी को दूसरे वाहन की व्यवस्था करने में समर्थ होना चाहिए और उसमें सरकारी/बीमा अधिकारियों से संपर्क रखने की योग्यता होनी चाहिए।

11. एजेंसी / फार्म / कंपनी ने तीन निरंतर लेखा वर्षों (अर्थात वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19, 2019-20) में लाभ कमाया हो।

12. एजेंसी लिखित या टेलीफोन पर दिये गये मौखिक अनुदेश पर विनिर्दिष्ट समय के भीतर/ विनिर्दिष्ट समय पर टैक्सी की व्यवस्था करेगी। एजेंसी को बैंक से अल्प सूचना (जैसेकि एक घंटे के भीतर आपातकालीन स्थिति में) प्राप्त होने पर भी टैक्सी की व्यवस्था करनी होगी। यदि हमारे मौखिक या फोन पर या लिखित अनुरोध पर एजेंसी टैक्सी की व्यवस्था नहीं कर पाये, तो बैंक इस बात के लिए स्वतंत्र होगा कि वह एजेंसी का नाम पैनल में से हटा दे।

13. **वाहनों को उप-ठेका पर देने की अनुमति कतई नहीं दी जायेगी**।

14. एजेंसी ठेका श्रम (विनियमन एवं उत्सादन) अधिनियम, 1970, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 और अन्य श्रम-कानूनों के प्रावधानों का, जहाँ भी वे लागू हों, अनुपालन पूर्वोक्त कार्य के लिए कार्मिकों की तैनाती करते समय करेगी और प्रत्येक वर्ष, जैसे और जब सीएबी, आरबीआई, पुणे द्वारा माँग की जाये, इनके अनुपालन का आश्वासन देगी ।

15. एजेंसी द्वारा नियोजित व्यक्ति एजेंसी के कर्मचारी होंगे और न तो एजेंसी और न ही उसके ड्राइवरों/कर्मचारियों को बैंक में नियोजन के लिए दावा करने का अधिकार होगा ।

16. एजेंसी द्वारा नियोजित ड्राइवर/कर्मचारी बैंक के सुरक्षा अधिकारियों/प्रहरियों द्वारा दिये गये अनुदेशों का पालन करेंगे और वाहनों/व्यक्तियों की सुरक्षा जाँच की जायेगी, जैसे और जब अपेक्षित हो ।

17. चालक को यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी यातायात नियमों और विनियमों (सीट बेल्ट, गति सीमा, लाल बत्ती, ओवरटेकिंग आदि) का पालन करना चाहिए।

18. यदि बैंक या उपयोगकर्ता किसी चालक द्वारा दुर्व्यवहार / अस्वीकार्य व्यवहार की शिकायत करते हैं, तो ठेकेदार ऐसे चालक को बदलने के लिए तत्काल कदम उठाएगा और यह सुनिश्चित करेगा कि भविष्य में उक्त चालक की सेवाएं बैंक को नहीं दी जाएंगी।

19. बैंक द्वारा सौंपी गयी ड्यूटी करने वाले ड्राइवरों के पूर्व वृत्त के संबंध में एजेंसी पुलिस सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त करने की व्यवस्था करेगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके द्वारा कोई अवांछित व्यक्ति बैंक की सेवा में नहीं रखा गया है। बैंक उक्त प्रमाणपत्र मांगने का अपना अधिकार सुरक्षित रखता है।

20. एजेंसी यह सुनिश्चित करेगी कि दी गयी कारों का पंजीकरण वर्ष 2017 से पुराना न हो और उसने 75000 कि.मी. से कम दूरी तय की हो ।

21. एजेंसी को निश्चित रूप से कार के ब्यौरे, अर्थात्, कार का मेक/रंग, कार-पंजीकरण संख्या, ड्राइवर का नाम और उसका मोबाइल नंबर कार डेस्क के अधिकारियों को और कार के उपयोगकर्ता को टेलीफोन और एसएमएस के माध्यम से उपयोगकर्ता के आगमन/प्रस्थान से कम से कम चार घंटे पूर्व बताना चाहिए । यह सुनिश्चित करना ठेकेदार की ड्यूटी होगी कि यह विवरण उपयोगकर्ता और बैंक के कार डेस्क तक पहुँच जाएँ।

22. . एजेंसी को कार डेस्क के अधिकारियों को दिए गए स्थान पर वाहन की रिपोर्टिंग और कार के उपयोगकर्ता को बुकिंग के बारे में एसएमएस के माध्यम से पुष्टि करनी चाहिए।

23. चालक को बैंक के अतिथि / उपयोगकर्ता / अधिकारी को सूचित करने के बाद हमेशा कार के साथ उपलब्ध होना चाहिए। पूरे ड्यूटी के दौरान उसका मोबाइल चालू होना चाहिए (बैटरी नियमित रूप से चार्ज किया जाना चाहिए)। किसी भी जरूरी काम के लिए वाहन से जाते समय उसे अपना मोबाइल अपने साथ रखना चाहिए। वाहन चलाते समय चालक को मोबाइल कॉल नहीं लेना चाहिए। यदि उसे वाहन चलाते समय कोई जरूरी कॉल लेना है, तो उसे उचित स्थान पर वाहन को रोकना चाहिए और फिर कॉल का जवाब देना चाहिए।ड्राइवरों को बैंक के प्राधिकृत अधिकारियों और अतिथियों द्वारा, जिन्हें कार सौंपी गयी है, दिये गये आदेशों का अनुपालन करना चाहिए । वह बचाव और सुरक्षा के संबंध में बैंक के नियमों और विनियमों का भी पालन करेगा ।

24. समय की पाबंदी और सेवा की गुणवत्ता इस करार का सार-तत्व होगा । इसलिए करार का वार्षिक नवीकरण किया जाना सूचीबद्ध एजेंसियों द्वारा समय का पालन किये जाने और संतोषप्रद कार्यसंपादन के अधीन होगा ।

25. ड्राइवर को ईंधन, मरम्मत शुल्क, टोल आदि के नाम पर अतिथि से कोई पैसा / स्वाइप कार्ड नहीं मांगना चाहिए। लंबी यात्रा में, ड्राइवर को ऐसे सभी खर्चों को कवर करने के लिए पर्याप्त संतुलन के साथ ठेकेदार द्वारा पर्याप्त धन / कार्ड प्रदान किया जाना चाहिए।

26. COVID 19 सुरक्षा प्रोटोकॉल- एजेंसी को सरकार द्वारा निर्धारित और समय-समय पर बैंक द्वारा निर्देशित सभी COVID संबंधित सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करना चाहिए।COVID महामारी की अवधि के दौरान, प्रदान किए गए वाहन को ठीक से साफ किया जाना चाहिए। चालक को रिपोस्ट  करते समय न्यूनतम 10 घंटे आराम (ड्यूटी से दूर) होना चाहिए।

27. ठेकेदार के पास शीघ्र और मजबूत शिकायत समाधान तंत्र के साथ 24x7 ग्राहक सेवा सहायता होनी चाहिए। यह वाहनों की बुकिंग और वृद्धि मैट्रिक्स के साथ शिकायतों के समाधान के लिए बैंक को पर्याप्त संपर्क नंबर / मेल आईडी प्रदान करना चाहिए। ठेकेदार दिन के आधार पर बैंक के साथ संपर्क के लिए अनुभवी कर्मचारियों / अधिकारियों (ओं) को नामित करेगा।

28. चालक को बैंक के आगमन वाले अतिथि / अधिकारी के विवरण को दर्शाते हुए एक प्लेकार्ड ले जाना चाहिए और रेलवे प्लेटफॉर्म / हवाई अड्डे से बाहर निकलने वाले स्थान पर मेहमानों को प्राप्त करने के लिए उपस्थित होना चाहिए। हवाई अड्डे / रेलवे स्टेशन पर कई निकास बिंदुओं / फाटकों के मामले में, चालक को उड़ान से उतरने / ट्रेन के पहुंचने के बाद अतिथि को किसी विशेष निकास बिंदु / गेट पर अपनी उपस्थिति के बारे में सूचित करना चाहिए। उपयोगकर्ताओं को अपने आगमन का पता लगाने के लिए कॉल करने की प्रतीक्षा करने के बजाय उपयोगकर्ताओं को पिकअप स्थान पर अपने आगमन के बारे में सूचित करने के लिए उपयोगकर्ताओं से संपर्क करने के लिए ड्राइवरों को एक फोन कॉल करना चाहिए।

29. चालक को साफ  वर्दी में रिपोर्टिंग के समय से कम से कम 15 मिनट पहले निर्दिष्ट स्थान पर ड्यूटी के लिए रिपोर्ट करना होगा। अतिथि को लेने के लिए हवाई अड्डे के लिए जाते समय, उड़ान के लैंडिंग समय को नियमित रूप से उसके या ठेकेदार के कर्मचारी द्वारा जांचना चाहिए, क्योंकि उनके समय से पहले कुछ समय के लिए उड़ान भरी जाती है। यह सुनिश्चित करने के लिए ठेकेदार का कर्तव्य है कि वह वाहन हवाई अड्डे / रेलवे स्टेशन / पिक पॉइंट तक समय पर पहुंचे।

30. समय की पाबंदी और सेवा की गुणवत्ता समझौते का सार होगा। इसलिए, समझौते का वार्षिक नवीकरण समयबद्ध एजेंसियों द्वारा समय की पाबंदी और संतोषजनक प्रदर्शन के अधीन होगा। (क) सफल आवेदकों को स्वीकृति-पत्र प्राप्त होने के सात दिनों के भीतर उपयुक्त मूल्य के न्यायिकेतर स्टाम्प-पत्र पर बैंक के साथ एक करारनामा निष्पादित करना होगा । तथापि, बैंक द्वारा स्वीकृति-पत्र जारी किये जाने को बंधनकारी संविदा के रूप में माना जायेगा, मानो ऐसा करारनामा निष्पादित किया गया है, और सभी शर्तें इस संविदा के संबंध में लागू  होंगी । सूचीबद्धता और दरें सूचीबद्धता की तिथि से 31 मार्च 2022 तक की अवधि के लिए वैध होंगी, जो सूचीबद्ध एजेंसियों के कार्यसंपादन की वार्षिक समीक्षा किये जाने के अधीन होगी ।

    (ख) स्टाम्प-शुल्क एजेंसी द्वारा वहन और भुगतान किया जायेगा ।

31. बैंक द्वारा स्वीकृत दरें सूचीबद्धता की तिथि से 31 मार्च 2024 तक की अवधि के लिए वैध  रहेंगी । इनकी वार्षिक समीक्षा श्रम कानूनों में होने वाले प्रमुख परिवर्तनों या ईंधन की कीमतों, आदि को प्रभावित करने वाले सरकार के निर्णय के मद्देनजर की जायेगी ।

32. एजेंसी या इसके एजेंट/कर्मचारी/ड्राइवर, जो करारनामे में  उल्लिखित किसी शर्त को भंग करेंगे और/या बैंक की राय में असंतोषजनक सेवा प्रदान करेंगे, वे तुरंत इस करार को, बिना किसी पूर्व सूचना या उसके बदले मुआवजा के, समाप्त कर दिये जाने के भागी बनेंगे ।

33. उपर्युक्त पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना सूचीबद्धता को सूचीबद्धता अवधि के अंतिम दिन या सूचीबद्धता अवधि के दौरान दोनों ओर से एक महीने की पूर्व सूचना दे कर समाप्त कर दिया जायेगा ।

34. (क) **दंड संबंधी खंड** : सेवा में त्रुटि या बैंक को और इसके अधिकारियों को हुई असुविधा के लिए, जिनके लिए बैंक सेवा प्रदान करने का निदेश देता है, प्रासंगिक दृष्टांत के लिए अनुमानित बिल के 25% तक की राशि का दंड लगाया जायेगा ।

(ख) यह जिम्मेवारी एकमात्र एजेंसी की होगी कि वह, जैसे और जब बैंक द्वारा माँग की जाये, रात में/अल सुबह कार/वाहनों की व्यवस्था करेगी । इसमें कोई विलंब होने पर पैराग्राफ 33(क) में यथा उल्लिखित दंड लगाया जायेगा, जो बैंक द्वारा उचित समझा जाये । उपर्युक्त पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, एजेंसी वाहन(नों) में ब्रेकडाउन होने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था भी करेगी ।

(ग) यदि एजेंसी वाहन की व्यवस्था करने में विफल रहे, तो एजेंसी इस संबंध में बैंक द्वारा किये गये समस्त व्यय की क्षतिपूर्ति करेगी और यह राशि या तो ठेकेदार के बिल में से काटी जयेगी या प्रतिभूति निक्षेप ((रु.50000), जो बैंक के पास जमा किया जायेगा, यदि एजेंसी को पैनल में शामिल कर लिया गया हो) या उसे देय किसी राशि में से काटी जायेगी । इस संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम और एजेंसी पर बंधनकारी होगा । ऐसी क्षतिपूर्ति किसी ऐसे दंड के अतिरिक्त हो सकती है, जो ऊपर पैराग्राफ 33(क) के अंतर्गत लगाया गया हो।

35. यात्रा शुरू होने से पहले सेवा के प्रत्येक अतिथि / उपयोगकर्ता को एक प्रतिक्रिया प्रपत्र (अनुबंध I के अनुसार) प्रदान किया जाना चाहिए। उपयोगकर्ता का हस्ताक्षर इस फीडबैक फॉर्म पर प्राप्त किया जाना चाहिए और इसे भुगतान के लिए शुल्क पर्ची के साथ बैंक को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। यदि उपयोगकर्ता प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार नहीं है, तो उपयोगकर्ता से अनुरोध किया जा सकता है कि वह फॉर्म की पहली पंक्ति में ड्राइवर को 'नहीं' पर टिक करें (मैं यात्रा के लिए प्रतिक्रिया प्रदान करने के लिए तैयार / तैयार नहीं हूं) और फॉर्म पर हस्ताक्षर करूं । फीडबैक फॉर्म के बिना / फीडबैक फॉर्म पर उपयोगकर्ता के हस्ताक्षर के बिना भुगतान के लिए भेजे गए चालान को बैंक द्वारा भुगतान से वंचित किया जा सकता है।

36. एजेंसियों को दूकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए और उनके पास पर्यटन एवं यात्रा सेवाओं का संचालन करने के लिए आवश्यक प्रमाणपत्र/पंजीकरण होना चाहिए ।

37. **अग्रधन जमा (इएमडी)**

सभी बोलीदाताओं को एनईएफटी (अनुलग्नक एच के अनुसार विवरण) के माध्यम से प्रेषित करने के लिए 50000 / - (केवल पचास हजार) की ईएमडी राशि जमा करनी होगी। लेन-देन का विवरण प्रदान करना होगा। इस शर्त का पालन करने में विफलता से बैंक अपने विवेक पर निविदा को रद्द कर सकेगा। सफल बोलीदाता / ईएमडी को बैंक द्वारा सुरक्षा जमा के रूप में बरकरार रखा जाएगा, जब तक कि सफल बोलीदाता बैंक गारंटी प्रस्तुत नहीं करता है। यदि सफल बोलीदाता बैंक के साथ आवश्यक समझौते को निष्पादित करने और निविदा कार्य को पूरा करने में विफल रहता है तो ईएमडी को जब्त कर लिया जाएगा। अनुबंध मिलने के बाद बोली लगाने वालों की ईएमडी वापस नहीं की जाएगी। ईएमडी राशि कोई ब्याज नहीं लेगी।

**38. निष्पादन बैंक गारंटी (पीबीजी) –** सूचीबद्ध की गयी एजेंसियाँ रु.50000/- (रुपये पचास हजार मात्र) की (पीबीजी) निष्पादन बैंक गारंटी प्रधानाचार्य, कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, भारतीय रिज़र्व बैंक, पुणे के पक्ष में संविदा के स्वीकृति-पत्र के साथ जमा करेगी । पीबीजी ठेका समाप्त होने की तिथि से 90 दिनों की अवधि के लिए वैध होगी । सफल बोलीकर्ताओं द्वारा जमा की गयी पीबीजी बोलीकर्ता के असंतोषजनक कार्यसंपादन और/या सेवाप्रदाता द्वारा तैनात किये गये कामगारों की विफलता या उपेक्षा के चलते बैंक को हुई हानि/नुकसान या करार की शर्तों को भंग किये जाने की स्थिति में जब्त/विनियोजित कर ली जायेगी । **निष्पादन बैंक गारंटी अवुबंध एफ में दिये गये फार्मैट के अनुसार दी जानी है ।**

39. **निविदा दस्तावेजों का प्रस्तुतीकरण**

क. निविदा दो भागों में तैयार की जायेगी, यथा, भाग-।, (अनुबंध ए ) जिसमें शर्तें, पात्रता से संबंधित दस्तावेज और कार्य का विस्तृत विषय-क्षेत्र होंगे और भाग-।। में केवल वत्तीय बोली होगी और इन्हें अलग-अलग प्रस्तुत किया जायेगा, यथा, भाग-। और भाग-।। को दो अलग मुहरबंद लिफाफों में , जिन पर

**भाग-। - तकनीकी बोली**

**भाग-।। - वित्तीय बोली**

स्पष्ट रूप से लिखा होगा, प्रस्तुत की जायेगी ।

दोनों लिफाफे (तकनीकी बोली और वित्तीय बोली) एक अलग लिफाफे में मुहरबंद किये जायेंगे, जिसके ऊपर **'किराये पर कार की सेवाएँ प्रदान करने वाली पुणे की एजेंसियों / कंपनियों को कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, भारतीय रिज़र्व बैंक, पुणे में वाहन प्रदान करने के लिए सूचीबद्ध किये जाने हेतु निविदा/आवेदन'** लिखा हो, और जो

**प्रधानाचार्य**
**कृषि बैंकिंग महाविद्यालय**
**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**युनिवर्सिटी रोड, पुणे – 411016**

को संबोधित हो, बोलीकर्ता द्वारा प्रस्तुत किये जायेंगे ।

ख. जो निविदाएँ फैक्स या ई-मेल या ऊपर विनिर्दिष्ट से भिन्न तरीके से प्राप्त होंगी, उन्हें स्वीकार नहीं किया जायेगा उन्हें सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जायेगा ।

ग. निविदादाता का पूरा नाम, डाक का पता, ई-मेल पता और टेलीफैक्स/टेलीफोन नंबर मुहरबंद लिफाफे के नीचे बायीं ओर किनारे पर लिखा जायेगा । कोई सन्निवेश, पश्चलेख, परिवर्धन और परिवर्तन तब तक वैध नहीं होगा, जब तक उसकी पुष्टि निविदादाता के हस्ताक्षर से नहीं की जाये ।

घ. निविदा की सभी प्रतियाँ सभी संलग्नकों/अनुलग्नकों/अनुबंधों के साथ हर प्रकार से पूर्ण होनी चाहिए । अधूरे फार्मों या उचित दस्तावेजी साक्ष्य, आदि (जैसा सूचित किया गया हो) के बिना प्राप्त फार्मों को सरसरी तौर पर बैंक द्वारा अस्वीकृत कर दिया जायेगा ।

ङ. निविदा प्रस्तुत करने के पूर्म बोलीकर्ता इसमें विनिर्दिष्ट शर्तों को पढ़ लें, जिन पर बैंक द्वारा कार्य दिया जायेगा और सफल बोलीकर्ता द्वारा उसे निष्पादित किया जाना अपेक्षित होगा । बोलीकर्ता इसमें निर्धारित पात्रता एवं अन्य मानदंडों के बारे में स्वयं संतुष्ट हो लें । **यह भी नोट किया जाये कि इसमें विनिर्दिष्ट शर्तें निदर्शनात्मक स्वरूप की हैं और सफल बोलीकर्ता के साथ करार निष्पादित करते समय आगे और कोई शर्त लगाने या बोलीकर्ता को उससे सहमत कराने या इसमें अंतर्विष्ट शर्तों को बदलने, संशोधित करने या विलोपित करने से बैंक को नहीं रोकेगी, जो इस निविदा के अंतर्गत दिये जा रहें कार्य के उचित निष्पादन के लिए आवश्यक समझी जायें ।**

च. निविदादाता को निविदा दस्तावेज और इसके सभी अनुबंधों के प्रत्येक पृष्ठ पर अपना हस्ताक्षर करना चाहिए और अपनी फर्म की मुहर लगानी चाहिए ।

छ. इच्छुक एजेंसियाँ शिष्टाचार, सुरक्षा एवं संभारतंत्र विभाग (पीएसएलडी), कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, भारतीय रिज़र्व बैंक, युनिवर्सिटी रोड, पुणे में 07 अप्रैल 2021 को 11.00 बजे पूर्वाह्न में होने वाली बोलीपूर्व बैठक में भाग ले सकती हैं । निविदा प्रपत्र (भाग-। और ।। दो अलग-अलग लिफाफों में) बोलीकर्ता द्वारा **एक मुहरबंद लिफाफे में** 30 अप्रैल 2021 को 03.00 बजे अपराह्न तक प्रस्तुत किये जायेंगे । उक्त तिथि और समय के बाद प्राप्त किसी निविदा को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जायेगा ।

40. **निविदाएँ हाथ से भरी जायेंगी -** निविदा-प्रपत्र अंग्रेजी या हिन्दी में भरे जायें और सभी प्रविष्टियाँ हाथ से स्याही में लिखी जायें । यदि कोई दस्तावेज गुम हो जाये या उस पर हस्ताक्षर नहीं हों, तो निविदा को बैंक द्वारा अपने विवेक पर अवैध माना जायेगा ।

41. **निविदा भरने में सावधानी –** दरों को विनिर्दिष्ट स्तंभ में अंकों में उद्धृत किया जाये । निविदा दस्तावेज (भाग-।) में किया गया कोई काट-छाँट और परिवर्तन बोलीकर्ता के पूरे हस्ताक्षर के साथ अधिप्रमाणित किया जाये । वाणिज्यिक बोली (भाग-।।) में कोई काट-छाँट, परिवर्तन, उपरिलेखन स्वीकार नहीं किया जायेगा और ऐसा होने पर बोली को अस्वीकृत कर दिया जायेगा । इन दोनों में से किसी शर्त का अनुपालन करने में विफलता निविदा को बैंक के विवेक पर अवैध कर देगी । कोई भी सूचना, विशेष रूप से दर-विनिर्देशों में परिवर्तन के संबंध में, निविदा के भाग-।। को खोले जाने के बाद ग्रहण नहीं की जायेगी ।

42. **निविदाओं पर हस्ताक्षर किया जाना –** निविदा दस्तावेजों के प्रत्येक पृष्ठ पर बोलीकर्ता के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षर किया जाना चाहिए, जो इस बात का प्रमाण होगा कि उसने स्वयं को संविदा की अधिकथित शर्तों से परिचित करा लिया है । कोई निविदा, जिसका कोई दस्तावेज इस प्रकार हस्ताक्षरित नहीं होगा, उसे अस्वीकृत कर दिया जायेगा ।

43. **निविदा पर हस्ताक्षर –** फर्म की ओर से प्रस्तुत की गयी निविदा पर फर्म के सभी भागीदारों द्वारा हस्ताक्षर किया जायेगा या किसी ऐसे भागीदार द्वारा हस्ताक्षर किया जायेगा, जिसे फर्म की ओर से प्रस्तावित संविदा करने का आवश्यक प्राधिकार मिला हुआ है य़ा किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर किया जायेगा, जिसके पास कंपनी के मामले में ऐसा करने के लिए बोर्ड का मुख्तारनामा हो (बोर्ड के संकल्प की प्रति प्रस्तुत की जाये) । उपर्युक्त का अनुपालन करने में विफल रहने पर निविदा को बैंक द्वारा अस्वीकृत किया जा सकता है ।

44. **निविदा को स्वीकार नहीं किया जाना –** बैंक स्वयं को इसके लिए बाध्य नहीं करता कि वह न्यूनतम या किसी निविदा को स्वीकार करे और उसे अधिकार है कि वह किसी या सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताये पूर्णतः या अंशतः स्वीकार या अस्वीकार कर दे ।

45. **अवैध निविदाएँ –** प्रथम दृष्टया संवीक्षा के बाद, यदि किसी बोलीकर्ता को अपेक्षित पात्रता मानदंड रखता हुआ नहीं पाया जाता है, तो उसके द्वारा प्रस्तुत निविदा को आगे संसाधित नहीं किया जायेगा ।

46. **निविदा की वैधता –** बैंक द्वारा स्वीकृति के लिए निविदा उसके खोले जाने की तिथि से 90 दिनों की अवधि के लिए वैध रहेगी, जिस अवधि को आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकता है, बोलीकर्ता इस अवधि के दौरान निविदा को निरस्त नहीं करेंगे या वापस नहीं लेंगे ।

47. **प्रभारों में सांविधिक लेवी शामिल होगी –** बताये गये सेवा प्रभारों में बीमा प्रभार, वर्दी प्रभार, और कोई अन्य कर/शुल्क/लेवी शामिल होगी, चाहे वे वर्तमान या भविष्य में केंद्र सरकार या किसी राज्य सरकार या स्थानीय प्राधिकार द्वारा लगाये जायें, जो भी लागू हो, जिसके लिए अलग से कोई दावा नहीं किया जायेगा । वस्तु एवं सेवा कर का अलग से भुगतान किया जाना चाहिए ।

48. **बैंक की कोई देयता नहीं होगी –** बोलीकर्ता इस संबंध में मजदूरी भुगतान अधिनियम, 1936, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948, ठेका श्रम (विनियमन एवं उत्सादन) अधिनियम, 1970 या किसी अन्य श्रम-कानून/संविधि के किसी प्रावधान को भंग करने के लिए सभी हानियों एवं दावों, नुकसानी या मुआवजे के विरुद्ध बैंक को क्षतिपूर्ति करेगा और उसे क्षतिपूरित रखेगा । बोलीकर्ता को उपकरण की मानक सुरक्षा क्रियाविधि का पालन करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इसके किसी स्टाफ को क्षति नहीं पहुँचे । इस संबंध में कोई देयता केवल बोलीकर्ता की होगी ।

49. **संविदा का नवीकरण –** सूचीबद्धता और दरें सूचीबद्धता की तिथि से 31 मार्च 2022 तक की अवधि के लिए वैध होगी, जो सूचीबद्ध एजेंसियों के कार्यसंपादन की बैंक द्वारा वार्षिक समीक्षा किये जाने के अधीन एक बार में एक वर्ष के अनुसार कुल दो वर्षों तक नवीकृत की जा सकेंगी। बैंक द्वारा स्वीकार की गई दरें, समयावधि की तारीख से 31 मार्च 2024 तक की अवधि के लिए वैध रहेंगी। श्रम कानूनों या ईंधन मूल्य निर्धारण आदि को प्रभावित करने वाले सरकार के निर्णय में होने वाले बड़े बदलावों के मद्देनजर इनकी सालाना समीक्षा की जा सकती है।

50. **संविदा के लिए करार –** सफल बोलीकर्ता को बैंक से उसकी निविदा को स्वीकृत किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर इस संबंध में बैंक के साथ एक करारनामा दो प्रतियों और द्विभाषी रूप में निष्पादित करना होगा ।

51. **संविदा की समाप्ति – ।.** इसमें ऊपर अंतर्विष्ट किसी बात पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना बैंक अपने एकमात्र एवं स्पष्ट विवेक पर इसके लिए हकदार होगा कि वह बिना कोई कारण बताये या कोई मुआवजा अदा किये बिना लिखित सूचना दे कर संविदा को तुरंत समाप्त कर दे, यदि

क. बैंक की राय में (जिस पर बोलीकर्ता सवाल नहीं करेगा और जो बोलीकर्ता पर बंधनकारी होगा) बोलीकर्ता बैंक की संतुष्टि के अनुसार संविदा का कार्यान्वयन करने में विफल रहे या संविदा का कार्यान्वयन करने से इनकार कर दे और/या

ख. बोलीकर्ता संविदा की किसी शर्त को भंग करे और/या

ग. किसी भी कारण से बोलीकर्ता संविदा के अंतर्गत अपने दायित्व को पूरा करने का हक कानूनन खो दे और/या

घ. बैंक से लिखित रूप में पूर्व-परामर्श किये बिना बोलीकर्ता या उसके कारबार के स्वामित्व/भागीदारी में कोई परिवर्तन हो और/या

ङ. बोलीकर्ता को दिवालिया न्याय-निर्णीत किया जाये या उसके और उसके ऋणदाताओं के बीच समझौता किया जाये या उस पर करस्थम (distress) या निष्पादन ग़ा अन्य आदेशिका (process) लगाया जाये या बोलीकर्ता की आस्तियों या संपत्ति के किसी हिस्से के लिए रिसीवर नियुक्त किया जाये ।

किसी भी कारण से संविदा का समापन किये जाने की स्थिति में बोलीकर्ता या उसके द्वारा नियोजित व्यक्ति बैंक से मुआवजे या नुकसानी के रूप में कोई रकम या रकमों के लिए हकदार नहीं होंगे ।

52. **असंतोषजनक सेवा के लिए समापन –**बैंक को अधिकार होगा कि वह किसी भी समय एक महीने की नोटिस दे कर संविदा को समाप्त कर दे, यदि दी गयी सेवा को असंतोषजनक पाया जाये और उसे यह भी अधिकार होगा कि वह ठेके को बोलीकर्ता के खर्च, जोखिम और उत्तरदायित्व पर किसी अन्य बोलीकर्ता को दे दे और इसके लिए जो अतिरिक्त खर्च बैंक को करना पड़ेगा, उसकी वसूली/समायोजन बैंक द्वारा प्रतिभूति निक्षेप की राशि में से की जायेगी, जिसके लिए निष्पादन बैंक गारंटी को लागू किया जायेगा या उसके लंबित बिल में से वसूली की जायेगी या एक अलग दावा उस पर किया जायेगा ।

